# समरसता वचन से नहीं मन से होती है: पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य

## समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी ने दिया आशीर्वचन

## शहीद स्मारक गोलबाजार में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब








**जबलपुर, यशभारत।** समरसता वचन से नही मन से होती है यदि हम मन से समरस बन जाये तो समरसता अपने आप आ जायेगी और भगवान श्रीराम ने समरसता को पहले मन मे उतारा और फिर उसका वचन निभाया उक्ताशय के उद्गार तुलसीपीठाधीश्वर पदम विभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में च्श्रीराम का समरस एवँ समर्थ भारत विषय पर व्यख्यान देते हुए शहीद स्मारक गोलबाजार में दिए। स्वस्ति वाचन के साथ दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन एवँ सचिव उज्वल पचौरी द्वारा उपस्थित पूज्य संतो का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। स्वामी जी ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा भारत शब्द की निरुक्ति पर जाता है तो सामान्य रूप से भरत के नाम से भारत को जाना जाता है किंतु यह जयंती ऋषभ के पुत्र भरत, शकुंतला पुत्र भरत का और कैकई पुत्र भरत का और यह तिरंगा झंडे के जैसे तीन रंग है जिनमे केसरिया जयंती पुत्र से श्वेत शकुंतला पुत्र भरत से और हरा रंग कैकई पुत्र भरत है। भारत तीन शब्दो को मिलकर बनाता है जिनमे भ का भगवान आ का अर्थ आदर और रत का अर्थ है प्रेम और जिसे देश मे भगवान राम का आदर भी है और प्रेम भी है उसका नाम है भारत।

### भारत में समरसता प्रारम्भ काल से ही रही

उन्होंने कहा भारत में समरसता प्रारम्भ से है विरसता तो कुर्सी के लालची नेताओ ने किया हमारे यहां जाति और वर्ण थे किंतु जातिवाद नही था। स्वतंत्रता के पश्चात यदि जाति के आधार पर आरक्षण नही होता तो जातिवाद कभी नहीं आता। ऋग्वेद से लेकर हनुमान चालीसा तक भारतीय वैदिक वंगमान्य में कभी विरसता की चर्चा नही आई। उन्होंने कहा रामचरित मानस की चौपाई भी कहती है कि चलना है तो एक साथ मिलकर चलो, बोलना है तो एक स्वर में बोलो, कोई संकल्प हो तो सबके मन एक साथ संकल्प करें। जिस प्रकार यज्ञ में आमंत्रित करने में सभी देवता आ जाते है तो भारत के 140 करोड़ लोग एक साथ यदि कोई बात कहें तो कोई भी सरकार बात को नकार नहीं सकती और यदि हमारा एक स्वर हो जाये तो सरकार हमे नहीं नचा सकती बल्कि सरकार को नचा सकते है। उन्होंने कहा हमारे देश में करोड़ो वर्ष पहले से समरसता थी भगवान राम के राज्य में कोई वीआईपी नही थी बल्कि प्रत्येक भारतीय वीआईपी थे।अयोध्या के रामघाट पर चारो वर्णों लोग एक साथ नहाते थे भारत से जब तक वीआईपी की परंपरा नही जाएगी तब तक भारत समर्थ भारत नही बन सकता। जहां गिद्ध को और कुत्ते को भी न्याय मिलता हो यह हमारा भारत था और आज एक एक मुकदमा चालीस से पचास वर्ष तक चलते है, भगवान श्रीराम की जन्मभूमि का मुकदमा 1949 से 9 नवंबर 2019 तक मुकदमा चला तब हमें न्याय मिल पाया। उन्होंने कहा हमारे यहां चार वर्ण थे और हमारे यहां सवर्ण और असवर्ण था ही नही और न ही किसी ने शेड्यूल कास्ट की बात की थी। भगवान के चारो वर्ण बेटे है और और वर्ण व्यवस्था भगवान ने बनाई और कर्म के आधार पर अपने चारों बेटों का नाम रखा जिनमे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र प्रगट हुए। उन्होंने कहा समरसता का मंत्र समाज मे फैली विरसता के दुर्गंध को मिटाता है। हमे भारत को एक भारत अखंड भारत, समरस भारत समर्थ भारत बनाना है। उन्होंने कहा भगवान राम जैसी समरसता कही नही मिलेगी और उसका उदाहरण है कि भगवान राम जिस विश्विद्यालय में पढ़ते थे और उसी में निषादराज भी प?ते थे। रामायण में चक्रवर्ती सम्राट के बेटे ने केवट से नाव की भीख मांगी थी यह भगवान राम के भारत की समरसता थी। उन्होंने कहा श्रीराम की समरसता इतनी व्यापक है जिसने पशुओं के मन से भी भेदभाव हटा दिया। भगवान ने तो वानर जैसे बदमाश प्राणियों को भी अनुशासन सीखा दिया। उन्होंने कहा हम अखंड भारत चाह रहे थे किन्तु भारत के प्रथम प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षा ने देश का बंटवारा मजहब के आधार पर करा दिया फिर भी हमने कहा किसी भी धर्म को मानने वाले रघुवर और यदुवर के होकर रहना है तो रह लो किन्तु बाबर का होकर नही रह सकते। भारत ने रहना होगा तो वंदे मातरम कहना होगा। उन्होंने कहा समरस वही हो सकता है जो किसी का अमंगल नही चाहता है और सबको मंगल देने वाले का नाम ही राम है। स्वामी जी ने कहा समरसता तब होगी जब शासक के प्रति जनता निर्भीक हो जाएगी। भगवान राम के काल मे हर प्राणी निर्भीक था। भगवान ने कहा था कि यदि मैं नीति के विरुद्ध बोलूं तो मुझे रोक देना। जब तक डर बना रहेगा तब तक न देश समरस बनेगा न ही समर्थ बनेगा। स्वतंत्रता का पक्षधर होना चहिए स्वछंदता का नही। पूज्य महाराज जी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी अच्छा काम कर रहे है कश्मीर में 370 और धारा 35ए हट गई है और यदि सामान नागरिक सहिंता लग जाये, रामचरित मानस राष्ट्र ग्रंथ बन जाए, गौ माता को राष्ट्र धरोहर बन जाये तो हम 10 वर्षों में ही विश्व गुरु बन जाएंगे। पूज्य महाराजी ने कार्यक्रम के अंत में कहा आप सभी श्रीराम के आदर्शों का पालन करते हुए समरसता का कार्य कीजिये मैं आपके सदैव आपके साथ हूँ।

### अध्यक्ष संदीप जैन ने रखी प्रस्तावना

स्वागत भाषण एवँ कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए हुए समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा सामाजिक एकता को बढ़ाने के लिये समरसता के क्षेत्र में कार्य करने का विचार हुआ तो 20 दिसंबर को संत गाडगे जी महाराजी की पुण्यतिथि पर हमने संगठन की शुरुआत पर विचार किया औरसंत रविदास जी की जयंती पर हमारी प्रथम बैठक हुई और निर्णय लिया कि संगठन का प्रथम कार्यक्रम स्वामी रामभद्राचार्य जी के आशीर्वचन से हो और महाराज श्री की उपस्थिति संस्कारधानी का सौभाग्य है चूंकि माँ नर्मदा के पावन भूमि में निवासरत हम लोगों को परमपूज्य का आशीर्वाद मिलना था तो शारीरिक कष्ट होने के बाद भी महाराज जी हमे आशीर्वाद देने पधारे। उन्होंने बताया कि हमारा संगठन वर्ष में जितने भी सभी समाजो के आराध्य और पूज्य है उनकी जयंती को सामजिक समरसता के माध्यम से मनायेंगे और समाज में समरसता की धारा प्रवाहित करने का प्रयास करेंगे जिसका शुभारंभ आज परमपूज्य के आगमन के साथ हुआ है। कार्यक्रम में सुखानंद द्वाराचार्य जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य जी, चित्रकूट से पधारे स्वामी रामचंददास, दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद जी महाराज, स्वामी गिरिशनन्द जी सरस्वती, स्वामी पगलानंद जी, डॉ राधेचैतन्य, साध्वी संपूर्णा जी, साध्वी शिरोमणी, स्वामी रामभारती, संत केवलपुरी, स्वामी रामशरण, स्वामी रामकृष्णदास, स्वामी रामचार्य, स्वामी राजेशदास, मौनी बाबा, महंत प्रकाशानंद, सिख समाज से श्री हरजीत सिंह जी, बौद्ध समाज से वंते दम्मा शरण ने कार्यक्रम में पहुँचकर अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में साँसद राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, नंदनी मरावी, कुलपति कपिलदेव मिश्रा, अखिलेश जैन, अंचल सोनकर, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, सुशीला सिंह, कैलाश जाटव, स्वाति गोडबोले, रिंकू विज, अभिलाष पांडे, पूर्व आईएएस वेदप्रकाश के साथ प्रबुद्धजन शामिल हुए।कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिजातकृष्ण त्रिपाठी एवँ आभार डॉ जितेंद्र जामदार ने व्यक्त किया। समरसता सेवा संगठन ने निकाली भव्य शोभायात्रा जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के आगमन के पूर्व समरसता सेवा संगठन द्वारा सुखानंद द्वाराचार्य जगद्गुरु स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली जो श्रीराम जानकी मंदिर छोटा फुहारा से प्रारम्भ होकर मिलोनीगंज, कोतवाली, सराफा, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक से होते हुए शहीद स्मारक गोलबाजार में सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में संतजनों के साथ ही मुख्य रूप से साँसद राकेश सिंह, विधायक सुशील तिवारी इंदु, विनय सक्सेना, पूर्व विधायक शरद जैन, धीरज पटेरिया के साथ गणमान्य जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# विद्युत कर्मियों की मांगों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा बनी

**निजीकरण , विद्युत कर्मियों एवम उपभोक्ताओ के हितों की लड़ाई साथ मिल कर लड़ेगे।**

**जबलपुर, यशभारत।** विद्युत कंपनियों के विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों की सयुक्त बैठक अभियन्ता संघ कार्यालय रामपुर जबलपुर मे सम्पन्न हुई। अभियंता संघ के आह्वान पर उपस्थित विदूयुत कंपनियों के संगठन के पदाधिकारियों ने बताया की मध्य प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र विषम दौर से गुजर रहा है, विद्युत कंपनियों को निजीकरण करने हेतु लगातार प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है । ऐसी परिस्थित मे विद्युत कंपनियों को बचाने के लिए सयुक्त प्रयास ही विकल्प है। सरकार द्वारा इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट, टी. बी. सी. बी. और ज्वाइंट वेंचर के माध्यम से कंपनियों को निजीकरण करने की तैयारी कर रही है, जिससे विद्युत कर्मी और पेन्सनर असुरक्षित महसूस कर रहे है तथा भविष्य के प्रति चिंतित है । सरकार और प्रबंधन द्वारा लगातार विद्युत कर्मियों मांगों को नजरंदाज किया जा रहा है, जिसके कारण विद्युत कर्मियों मे रोष व्याप्त है। सभी संगठन प्रमुख ने कहा है कि सरकार और प्रबंधन की हठधर्मिता से सभी विद्युत कर्मी आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है। सयुक्त बैठक मे उपस्थित विद्युत कंपनियों के संगठनो ने कहा है कि जल्दी ही आपसी सहमत से मध्य प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को बचाने के लिए विद्युत कर्मियों एवम विद्युत उपभोक्ताओ के हितों के लिए सयुक्त रूपरेखा के साथ आंदोलन का संखनाद किया जाएगा। सयुक्त बैठक मे मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ, मध्य प्रदेश यूनाइटेड, फोरम, मध्य प्रदेश पावर इंजीनियर एण्ड इम्प्लाई एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे । अभियंता संघ के महासचिव विकास शुक्ला ने बताया है कि विद्युत कंपनियों को निजीकरण से बचाने तथा विद्युत कर्मियों के हितों की रक्षा हेतु सभी मुख्य संगठनों से चर्चा हो चुकी है जल्द ही सरकार को सयुक्त मांग पत्र दे दिया जाएगा। सयुक्त बैठक मे हितेश तिवारी, व्ही के एस परिहार, अजय मिश्रा, मनोज तिवारी, अनीश सिंघई सुरेश त्रिवेदी, सुबोध बाजपेई, अनुराग नायक, एस. डी. उपाध्याय, सुशील पाल, जितेंद्र तिवारी, अमित दाहिया, प्रसांत, भदोरिया, अर्जुन यादव, एस. के. पचौरी. अंबिकेश शुक्ला, इकबाल खान, महेश रघुवंशी, पुष्पेंद्र पटेल, अरविन्द बैठा, उदित अग्रवाल, सुरेश विश्व आदि उपस्थित रहे।

# कहीं चिकिन की दुकान में तो कहीं ठेले में परोसी जा रही थी शराब

## गोरखपुर पुलिस ने अलग अलग ठिकानों पर छापा मारकर की कार्यवाही

**जबलपुर,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जारी आदेश के बाद प्रदेश के पूरे अहाते बंद कर दिए हैं तो वहीं दूसरी ओर अब लोग चोरी-छिपे लोगों को शराब पिला रहे हैं। इसी कड़ी में गोरखपुर क्षेत्र में खुलेआम शराब पिलाने और पीने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। बीती रात गोरखपुर पुलिस की टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर शराब जप्त की है। गोरखपुर थाना प्रभारी एसएन दुबे के अनुसार दशमेश द्वार मदन महल के पास रोहित चिकिन सेंटर दुकान के संचालक रोहित कुमार शाह चिकिन दुकान में शराब पिलाई जा रही थी। इसके साथ ही दशमेश द्वार के पास चिकन मटन के ठेले के संचालक अज्जू झारिया द्वारा ठेले के पास शराब लोगों को इकट्ठा करके पिलवाई जा रही थी। वहीं दशमेश द्वारा के पास सड़क किनारे सार्वजनिक रूप से शराब पीने वाले हरप्रीत सिंह के खिलाफ मप्र आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस ने सभी के खिलाफ धारा 36 मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

### बाइक में शराब की कर रहा था तस्करी

गोरखपुर थाना प्रभारी एसएन दुबे ने बताया कि आकाश चौधरी पिता राम लखन चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला ,आजाद चौक रामपुर में 15 देशी पाव शराब रखकर बेचने एवं पिलाने का काम कर रहा था। पुलिस ने मौक पर पहुंचकर शराब जप्त की है। एमजीएम स्कूल के पास गोरखपुर में मॉरिस पाल अपनी बाइक में शराब के पाव रखकर बेचते हुए पकड़ा गया है।

# गौरव ब्यौहार को पीएचडी



**जबलपुर, यशभारत।** महात्मा गाँधी चित्रकूट विश्वविद्यालय द्वारा गौरव ब्यौहार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई ! आपका शोध विषय ऐ स्टडी ऑफ मैंटेनंस प्रक्टिसेस विथ स्पेशल रेफरेंस टू एस एम ई एस रहा 7 आपने अपना शोध कार्य अंजनि पांडे जी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। आप राजकुमारी ब्यौहार के पुत्र एवं एस बी एल ब्यौहार के भतीजे हैं।

# राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट जैन प्रीमियर लीग जेपीएल 16 से

**जबलपुर, यशभारत।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट च्जैन प्रीमियर लीगज्जेपीएल 2023 की श्रृंखला में महाकोशल-विन्ध्य रीजन के अन्तर्गत क्रिकेट का महासंग्राम रीजन स्तरीय जेपीएल-2023 16 अप्रैल 2023 से 19 अप्रैल 2023 तक रेल्वे स्टेडियम, जबलपुर में होने जा रहा है। जिसका उद्घाटन रविवार प्रातः 07 बजे से होगा। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर-मध्य क्षेत्र विधायक विनय सक्सेना, विपुल बाँझल, राष्ट्रीय महासचिव- दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन होंगे। ध्वजारोहण मुल्कराज अंजलि सिंघई (बादशा) बॉम्बे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, जबलपुर होंगे एवं दीप प्रज्जवलनकर्ता (डॉ.) श्रीमती शुभि अर्जित जैन, शुभि डेन्टल एंड कॉस्मेटिक केयर, जबलपुर होंगे। विशिष्ट अतिथि राजीव गिरधरवाल, राष्ट्रीय चेयरमेन JPL-2023 एवं सत्येन्द्र जैन जुग्गू, अध्यक्ष-पिसनहारी मढ़िया तीर्थ ट्रस्ट, होंगे।




































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

# धान का शेष भुगतान पाने किसान परेशान

**न धान मिल रही न खाते मे आया भुगतान, बेफिक्र बने जिम्मेदार**

## लापरवाही.... हद दर्जे की किसानों की पीडा सुनने वाला



**गोसलपुर, यशभारत।** सिहोरा तहसील के अंतर्गत शासन के द्वारा स्थापित धान उपार्जन केंद्रों में देश के अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों को अपनी धान की उपज तुलवाये तीन चार महीना गुजरने को होने जा रहा है और अब शासन द्वारा गेहूं खरीदी शुरू कर दी गयी परंतु अभी तक तहसील के लगभग एक सैकडा किसानों का धान का शेष भुगतान खाते में नहीं पहुंचा आपको बता दें की धान पंजीयन के उपरांत राजस्व अमले द्वारा फसल का सत्यापन करने के बाद प्रशासन द्वारा सेटेलाइट से सर्वे कराया गया सेटेलाइट सर्वे एवं पटवारी के द्वारा किए गए सर्वे रिपोर्ट में भारी अंतर आने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो गई थी अनेक किसानों के खसरे असत्यापित दिखने लगे किसानों द्वारा अपनी उपज खरीदी केंद्रों में तुला दी गई खरीदी केंद्रों में उपज की कंप्यूटर जनित रसीद भी प्रदान की गई परंतु जब किसानों के खाते में भुगतान आया तो वह आधा अधूरा था प्रशासन ने किसानों से राशि की कटौती कर ली अब किसान अपनी धान की उपज वापस पाने के लिए खरीदी केंद्रों के चक्कर लगा रहा है इस संबंध में खरीदी केंद्र व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों का कहना है की हमारे पास शासन द्वारा धान वापस करने का कोई आदेश न आने के कारण हम किसान की धान वापस नहीं कर पाएंगे वही किसानों के खाते में धान का भुगतान भी नहीं आ रहा है और धान भी वापस नहीं मिल रही ऐसी स्थिति में किसान पशोपेश की स्थिति में फंसकर सोसाइटी से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के चक्कर काट रहा है और किसानों की इस पीड़ा को सुनने वाला कोई तैयार नहीं है बड़ा सवाल यह पैदा होता है की जब किसानों को राशि नहीं दी गई तो उनकी शेष धान वापस की जाना चाहिए परंतु धान वापस होने की वजाय वेयरहाउस मे भंडारित धान को मिलरो द्वारा परिवहन भी कर लिया गया इसके बावजूद भी किसानों के खाते में शेष राशि नहीं डाली जा रही है जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है पूरी राशि न मिलने से अनेक किसान कर्ज के बोझ तले दबे हैं उनकी रोजमर्रा की जरूरते व खेती किसानी के काम प्रभावित हो रहे हैं इस संबंध में शीघ्र ही किसानों व जनसेवा समिति का प्रतिनिधि मंडल जिले के मुखिया से मिलकर चर्चा करेगा।

### इतने किसानों का भुगतान अटका

बुढ़ागर सोसाइटी 35 किसान
कछपुरा सोसाइटी 13 किसान
बेला सोसाइटी 10 किसान
सहजपुरा सोसायटी 01 किसान

### इनका कहना है

जिन किसानों के खसरे असत्यापित हो गये थे और उपज तुल गई थी ऐसे किसानों को भुगतान देने की बजाय धान की उपज वापस की जावेगी।

**कमलेश तांडेकर**
**फूड कंट्रोलर जबलपुर**

# थाने में फायर बिग्रेड वाहन तैनात करने की उठी मांग

**जिला प्रशासन से आपेक्षा पनागर मझौली सिहोरा**



**गोसलपुर,यशभारत।** सिहोरा विधानसभा के अंतर्गत पुलिस थाना गोसलपुर क्षेत्र के नागरिकों व किसानों ने आने वाली गर्मी के मौसम में थाना प्रांगण मे फायर बिग्रेड वाहन गर्मी के मौसम मे होने वाली अग्नि दुर्घटना से निपटने हेतु फायर बिग्रेड वाहन तैनात करने की मांग की है क्षेत्र के लोगों का कहना है की पुलिस थाना के अंतर्गत सिहोरा विधानसभा के लगभग 60 गांव एवं मझौली विधानसभा के लगभग 40 गांव इस थाना मे आश्रित है और किसानों के खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी हुई है मौसम ने भी मिजाज बदलना शुरू कर दिया है जिसमे आने वाले दिनों में आए दिन किसी न किसी गांव में दुर्भाग्यवश अग्नि हादसे की घटनाएं निरंतर घटित होती है ऐसी स्थिति में किसानों व स्थानीय पुलिस प्रशासन को सिहोरा मझौली पनागर के फायर बिग्रेड की सेवा पाने के लिए आश्रित रहना पड़ता है अग्नि हादसे के घंटो बाद दमकल वाहन आग बुझाने पहुंचते हैं तब तक किसान का सब कुछ जलकर खाक हो जाता है और किसान के पास सिवाय आंसू बहाने के अलावा कुछ नहीं रहता गोसलपुर में फायर बिग्रेड वाहन की मांग को लेकर लंबे अरसे से मांग की जा रही है परंतु जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस बहुप्रतीक्षित मांग को नजरअंदाज कर दिया जाता है थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की हर बैठक में भी इस मुद्दे को बजनदारी के साथ उठाया जाता है परंतु नतीजा सिफर रहा गर्मी के मौसम में प्रतिदिन खेतों में दुकानों मकानों में अग्नि हादसे के मामले लगातार सामने आते हैं लोगों का कहना है की अगर गर्मी के मौसम में चार महीने के लिए अस्थाई तौर पर फायर बिग्रेड वाहन तैनात कर दिया जाए तो निश्चित रूप से समय रहते अग्नि हादसों पर काबू पाया जा सकता है जिसका प्रत्यक्ष लाभ किसानों व आमजन मानस को मिल सकेगा। क्षेत्र के नवल सिंह ठाकुर संजय तिवारी किशन असाटी पुरूषोत्तम असाटी बलराम पटैल गनपत सिंह चौहान अनिल जैन महेंद्र सिंह ठाकुर अनिल सराफ जितेंद्र पालीवाल देवेंद्र पटेल राजकुमार पटेल लटोरी साहू मधुसूदन पटेल श्रीमती वंदना पटेल संजय सिंह ठाकुर अजीत मिश्रा केके दुबे रामलाल पटेल मुकेश तिवारी कमल पालीवाल धीरेंद्र भदौरिया रघु भाई पटेल बृजेश पटेल मनीष पटेल महेश पटेल परसराम पटेल जगदीश असाटी कुंदन नायक ने शीघ्र ही जिला प्रशासन से पुलिस थाना गोसलपुर में गर्मी के मौसम को देखते हुए फायर बिग्रेड वाहन तैनाती करने की मांग की है

### इनका कहना है.......

थाना क्षेत्र अंतर्गत फायर बिग्रेड वाहन की नितांत आवश्यकता है उक्त मांग के संबंध में शांति समिति की बैठक में भी विषय आया था ततसंबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय जबलपुर को पत्राचार किया जावेगा

**अनिल मिश्रा**
**थाना प्रभारी गोसलपुर**

# जल प्रदाय योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**शहपुरा (भिटौनी) , यशभारत।** मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित भोपाल परियोजना क्रियान्वयन इकाई जबलपुर के तत्वाधान में संचालित की जा रही पायली ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में आईएसए संस्था सृजन ग्रामीण विकास मंडल द्वारा विकासखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया गया जिसमें जल निगम की व्रत चित्रों का प्रस्तुतीकरण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया बताया गया कि पायली ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत शहपुरा ब्लॉक के 96 ग्राम में यह योजना चलाई जा रही हैं योजना के तकनीकी पक्ष को कार्यशाला के माध्यम से प्रस्तुत किया बताया कि बरगी डैम के पास फिल्टर प्लांट के माध्यम से पानी फिल्टर कर ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई किया जाएगा साथ ही योजना के संबंध में जानकारी दी गई कार्यशाला में अध्यक्षता अनुभागीय अधिकारी शहपुरा द्वार की गई कार्यक्रम में तहसीलदार महोदय शहपुरा, अध्यक्ष जनपद पंचायत शहपुरा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत शहपुरा, प्रबंधक जल निगम, प्रबंधक जन सहभागिता जल निगम,सांसद प्रतिनिधि विधायक प्रतिनिधि एवं समस्त सदस्यगण समस्त विभागों से आए हुए अधिकारीगण सचिव आदि लोग उपस्थित थे।

# लापरवाही की भेंट चढ़ गई 17 लाख की नल जल योजना

**बूंद-बूंद पानी को तरस रहे भदम खुर्द के वांशिदे**

**गोसलपुर , यशभारत।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत गोसलपुर के निकटवर्ती ग्राम भदम खुर्द में जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की अनदेखी और संबंधित ठेकेदार की लापरवाही के कारण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना मजाक बन गई आपको बता दें की ग्राम पंचायत खजूरी के पोषित ग्राम भदम खुर्द के लिए ग्रामीणन ल जल प्रदाय योजना के लिए 17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई ठेकेदार द्वारा उक्त उक्त योजना मे लीपापोती करके इतिश्री कर ली गई और जवाबदार अधिकारियों द्वारा आंख मूंदकर ठेकेदार से सांठगांठ कर योजना मे किये गये बेढंगे काम का मूल्यांकन भी कर दिया गया और नल जल योजना को ग्राम पंचायत के हैंड ओवर भी कर दिया गया ग्राम के शिवचरण साहू अभीराज कटारे फूल सिंह ठाकुर अंकित केवट राजेंद्र कोरी रामसिंह ठाकुर बलराम कोरी रामा कोरी सहित अनेक लोगों ने बताया की ठेकेदार द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन मे अनेक जगह से लीकेज है जिस कारण पानी व्यर्थ मे बह रहा है वहीं दूसरी ओर बेहतर ढंग से हितग्राहियों के घरों में नल के कनेक्शन भी नहीं दिए गए बोर खनन में भी लीपापोती कर दी गई साथ ही घटिया स्तर का समर्सिबल पंप डालकर योजना को ओके कर दिया गया नतीजा यह हुआ की एक सप्ताह के भीतर समर्सिबल पंप जल गया समर्सिबल पंप को जले हुए एक सप्ताह गुजर गया परंतु पीएचई विभाग,संबंधित ग्राम पंचायत ठेकेदार द्वारा उक्त समर्सिबल पंप को आज तक नहीं सुधारा गया गया जिसके कारण भदम खुर्द गांव में रहने वाले लोगों को पीने के पानी व निस्तार के पानी के लिए बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोग इस गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं जहां एक ओर सत्ताधारी पार्टी के नेता मंचों से नल जल योजना का गुणगान करते हैं वही यहां वास्तविकता बिल्कुल विपरीत है लोगों ने इस दिशा में सिहोरा एसडीएम सृष्टि प्रजापति से ध्यान देने की मांग की है।

# विशाल कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ शुरू



**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा, यशभारत।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सडूमर में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इस मौके पर बिजौरा अमथनु देवरी बरकुंडा गुटौरी बारहा सिमरिया बिल्थारी कढ़ेली इमलिया अल्हेनी काचरकोना तेंदूखेड़ा ढिलवार मदनपुर टेकापार ग्वारी गाडरवारा महगवां कोठिया आडेगांव दिघोरी करेली नरसिंहपुर जिला समन्वय समिति सदस्य तथा चिनकी के परिजनों सहित सडूमर के समस्त वर्गों के लोग कलश यात्रा में सहभागी हुए जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव आरती कलश पूजन में सहभागी हुईं। इस यज्ञ में मातृ शक्ति ने बढ़ चढ़कर योगदान दिया सम्पूर्ण जिले से गायत्री परिवार की माताएं बहिनें पूरे उत्साह से कलश यात्रा में शामिल हुईं कलश यात्रा को सफल बनाने में जिला समन्वयक वृन्दावन पटैल प्रमुख ट्रस्टी नरसिंहपुर शक्ति पीठ थंमन शर्मा अविनाश बेलाकर राव शेलेष सिंह, आर पी सिंह राजेश कौरव अवधेश कौरव रामनारायण कौरव मूलचन्द शर्मा मुकेश पटैल वीरेन्द्र पटैल रामकुमार ठाकुर द्वारका प्रसाद सोनी राकेश पटैल सन्तोष पटैल मुन्नालाल परोसी ज्ञानचंद पटैल भगवान मास्साब शेखर पटैल गणेश पटैल हरिशंकर चन्द्रभान नारायणसिंह शंकरलाल मंजू श्रीवास्तव राजकुमारी कौरव हेमलता शर्मा अंजू कौरव छोटीबाई ईश्वरी पटैल देवकी सहित ग्राम के रघबर पटैल कन्छेदीलाल ठाकुरसाब टिकरहा का विशेष योगदान रहा।

# सांईखेड़ा की अवैध कॉलोनी में प्लाट विक्रय पर प्रतिबंध

**नरसिंहपुर, यशभारत।** तहसील सांईखेड़ा की एक अवैध कॉलोनी में प्लाट विक्रय पर प्रतिबंध लगाने का आदेश न्यायालय अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने जारी किया है। यह आदेश मप्र नपा कॉलोनी विकास नियम 2021 और मप्र नपा अधिनियम 1961 के प्रावधानों के तहत पारित किया गया है। साथ ही अपर कलेक्टर ने मुख्य नपा अधिकारी नगर परिषद सांईखेड़ा को आदेशित किया है कि वे उक्त अवैध कालोनी के कॉलोनाईजर के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करायें। इस प्रकरण की कार्रवाई अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा के प्रतिवेदन के आधार पर प्रारंभ की गई थी। इस सिलसिले में सांईखेड़ा तहसील की जिस अवैध कॉलोनी में प्लाट विक्रय पर प्रतिबंध का आदेश जारी किया है, उसमें कॉलोनाईजर राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता उमाशंकर अग्रवाल निवासी सांईखेड़ा तहसील व मौजा सांईखेड़ा की न.ब. 434 ह.नं. 09 तहसील सांईखेड़ा स्थित ख.नं. 464/ 16/ 1/ 1/1/1 के रकबा 0.291 हेक्टर, ख.नं. 464/ 33 के रकबा 0.036 हेक्टर और ख.नं. 464/ 65/8 के रकबा 0.372 हेक्टर भूमि पर बनाई गई अवैध कॉलोनी का नाम शामिल है। उक्त भूमि पर संबंधित कॉलोनाईजर द्वारा छोटे- छोटे प्लाट का विक्रय कर अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था।

# सरस्वती के साधक डॉ. महोबे ने बनाया भगवती का जीवंत चित्र





चित्रकार डॉ. यतींद्र महोबे

**नरसिंहपुर, यशभारत।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सदर से निकलने वाली सामूहिक जवारों की शोभायात्रा का सभी को साल भर इंतजार रहता है। इस यात्रा के दौरान भगवती का सुंदर स्वरूप वाटर कलर पेंटिंग के माध्यम से सरस्वती की साधना करने वाले राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के चित्रकार डॉ. यतींद्र महोबे ने साकार स्वरूप दिया है चित्र में भगवती की भव्य प्रतिमा के समक्ष आस्था के कलश लिए जवारों के साथ महिलाएं भी चल रही हैं। डॉ. महोबे शासकीय श्यामसुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर पदस्थ हैं इनके द्वारा इसी तरह की प्रासंगिक चित्रकारी विभिन्न स्तरों पर सराही गई है। डॉ. महोबे को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक सम्मान प्राप्त किये है।

# बाबासाहेब की मूर्ति का अनावरण आज।

**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव शहर के मध्य स्थित नया बाजार प्रांगण में संविधान निर्माता विधि वेत्ता भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण आज 14 अप्रैल दिन शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री माननीय प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में एवं केंद्रीय इस्पात मंत्री माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में संपन्न होने जा रहा है नगर में युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है जिला सिलावट संघ के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर परसवार ने हमारे संवाददाता को बताया है कि आज 14 अप्रैल को कई हजारों की संख्या में बाबासाहेब के चाहने वालों की उपस्थिति में मूर्ति का अनावरण सम्मानीय प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होने जा रहा है जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय इस्पात मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते करेंगे इस अवसर पर इतना ही नहीं बल्कि भजन संध्या का भी आयोजन शाम को किया जा रहा है जिसमें संस्कारधानी की भजनों की सुप्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे इस कार्यक्रम में आगंतुकों के लिए एवं सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी सिलावट संघ के द्वारा की जा रही है स्मरण रहे की कई महीनों से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी जिसमें जिला सिलावट समाज के जिलाध्यक्ष गौरशंकर परसवार,दीनू छिरा,रोहित महाजन,संजू चौहान,उमाशंकर छिरा,जितेंद्र चाँदोरिया,दरबारी लाल चाँदोरिया,बिहारी लाल चाँदोरिया,रोशन भाई,एवं सभी जिला सिलावट समाज पूरी तन्मयता के साथ इस तैयारी को भव्य रुप प्रदान करने के लिए अथक मेहनत में लगे हुए थे जिसका परिणाम 14 अप्रैल को नगर वासियों को भव्य कार्यक्रम के रूप में देखने को मिलेगा यह नगर में पहला अवसर होगा कि जब हमारे भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न विधि वेता डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण केंद्रीय मंत्री के द्रव्य के हाथों संपन्न होगा यह एक कार्यक्रम ना होकर जिला सिलावट संघ के द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी एवं इस प्रतिमा का अनावरण आगामी कई वर्षों तक नगर वासियों एवं जनता के मानस पटल पर स्मृति अंकित करेगा सनद रहेगी गोटेगांव नगर में अभी तक समाचार लिखे जाने तक किसी भी पार्टी या समाजसेवी ने इस प्रकार की पहल नहीं की है जोकि सिलावट संघ द्वारा की गई है निश्चित ही यह सिलावट संघ की अनूठी पहल होकर नगर में ही एक नई मिसाल पेश होगी जिला सिलावट संघ द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बाबासाहेब को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

# बन्द पड़ी शटल गाड़ियां चलाये जाने की मांग

## जनता की मांग के चलते अंध,मूक,और बधिर हुई सरकार।

**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव स्थित श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर कोरोना कॉल से बंद की गई रेलगाड़ियों को अभी तक चालू नहीं किया गया है जिस कारण आवागमन करने वाले यात्रियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ रही है इटारसी से सतना जाने वाली शटल एवं कटनी से इटारसी जाने वाली फास्ट पैसेंजर बंद कर पांच या छह डिब्बों की मेमू ट्रेन चलाने से आवागमन करने वालों को महज एक झुनझुना पकड़ा दिया गया है जिस कारण यात्री परेशान हो रहे हैं वैसे भी देखा जाए तो वर्तमान में शादी विवाह समारोह जोर शोर से चल रहे हैं वही ग्राम नगर जिला एवं प्रदेश की जनता छोटी मोटी गाड़ियों में अपडाउन को मजबूर है इस छोटी सी मेमू गाड़ी में ना तो बैठने के लिए पर्याप्त साधन है और ना ही यह गाड़ी जन अपेक्षाओं पर खरी उतर रही है लिहाजा जनता पैसे देकर भी सुविधा और सम्मानजनक यात्रा नहीं कर पा रही है इतना सब होने के बावजूद भी जनप्रतिनिधि उदासीन बने हुए हैं इन सभी समस्याओं को देखते हुए एवं समाचार पत्रों के माध्यम से पढ़ते हुए जनप्रतिनिधियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है यह तो आने वाले भविष्य के गर्त में है कि इस बार चुनाव में इन समस्याओं को लेकर कौन जनप्रतिनिधि सत्ता पर सिंहासन का ताज वरण करेगा। यह मैच 7 डिब्बों की मेमू सवारी गाड़ी में और शादी के सीजन में जनता से बड़े बुजुर्ग महिलाएं और दुंधमुहे अबोध बच्चे अच्छा खासा परेशान होते दिख रहे हैं लेकिन इन सब की चिंता जनप्रतिनिधियों को नहीं है। आवागमन करने वाली जनता ने संबंधित विभाग से शीघ्र अति शीघ्र शटल गाड़ी एवं फास्ट पैसेंजर चलाने की मांग की है क्योंकि लोकल सिर्फ एक ही गाड़ी है जिससे समस्या का समाधान मुश्किल हो रहा है मात्र मेमू ट्रेन अकेले चलाने से जनता की समस्या को हल नहीं किया जा सकता इसलिए रेल प्रशासन से आवागमन करने वाली जनता है एवं नरसिंहपुर जिले की जनता ने बंद पड़ी हुई गाड़ियों को चलाने की मांग की है।

# पनागर में बीएसएनएल के खराब नेटवर्क से लोग परेशान

**मोबाइल उपयोग करने में आ रही परेशानियां**

**पनागर, यशभारत।** पनागर में इन दिनों क्षेत्रीय रहवासी बीएसएनएल के मोबाइल नेटवर्क से खासा परेशान हैं। लोगों का कहना है कि बीएसएनएल का नेटवर्क पल में आ जाता है और पल में गायब हो जाता है जिससे मोबाइल का उपयोग करने में उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीएसएनएल के हजारों की संख्या में यूजर्स पनागर में है और वे अब खराब नेटवर्क का खामियाजा भुगतते नजर आ रहे हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्हें कहीं मोबाइल से कोई संपर्क करता है तो वह नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही पनागर के लोग खराब नेटवर्किंग के कारण किसी को फोन नहीं लगा पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि बरसात के समय अक्सर देखा जाता था कि बीएसएनएल का नेटवर्क उड़ जाता था लेकिन अब गर्मी के समय भी खराब नेटवर्क लोगों को हलाकान कर रहा है। ऐसे में कई लोगों ने अपनी-अपनी बीएसएनएल की सिम भी बंद करके दूसरी कंपनी की सिम ले रहे हैं जिससे खराब नेटवर्किंग से बचा जा सके।

# साले की गोली मारकर की थी हत्या, जीजा को आजीवन कारावास

**नरसिंहपुर, यशभारत।** स्टेशन गंज थाना क्षेत्र के ग्राम नवलगांव निवासी विनय पटैल की हत्या के आरोपी मृतक के जीजा प्रदीप पिता हाकम सिंह पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी नवलगांव को न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, नरसिंहपुर द्वारा धारा 302 भादवि में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड, धारा 25 (1) बी आयुध अधिनियम में दोषसिद्ध पाते हुये 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड तथा धारा 27 आयुध अधिनियम में दोषसिद्ध पाते हुये 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। टळजिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 23 जुलाई 2020 के प्रात: 6 बजे प्रार्थी महेश पटैल ने रिपोर्ट लेख करायी कि मृतक विनय पटैल उम्र 28 साल जो इसके चाचा का लड़का है ग्राम भैसा हार में इनकी खेती है जिसकी देखरेख करने आता-जाता है, मृतक दिनांक 22 जुलाई 2020 की शाम करीब 5 बजे भैंसा हार खेत गया था जो रात में नहीं आया 23.7.20 के प्रात: सतीश पटेल ने इसे मोबाईल पर सूचना दिया कि मृतक खेत मे बने स्टार्टर के पास मृत पड़ा है जाकर देखा तो मृतक मरा पड़ा था उसकी नाक से खून निकला था जिस पर मर्ग कायम कर घटना स्थल निरीक्षण, शव पंचायतनामा कार्यवाही पर मृतक की बायीं आंख के नीचे नाक के पास छेद जैसा घाव पाया गया, वही पास में खाली कारतूस का खोका 7.65 एमएम का पाया गया, शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमें चिकित्सक द्वारा गन शॉट इंजूरी से मृतक की मौत होना लेख करने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ उक्त अपराध कायम किया गया। विवेचना क्रम में तत्काल घटना ग्राम में कैंप कर घटना स्थल पर मिले भौतिक साक्ष्य, तकनीकी साक्ष्या ढाबे में लगे सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज व परिस्थितिजन्य साक्ष्य की समीक्षा पर मृतक का जीजा आरोपी प्रदीप पिता हाकम सिंह पटेल उम्र 29 साल पर संदेह होने पर अभिरक्षा में लेकर गहनता से पूछताछ पर ससुराल की जमीन के लालच में घटना दिनांक को मृतक के साथ शराब पीना ढाबे से खाना लाकर खाना व देशी कट्टा से उसकी हत्या करना साथ ही अन्य आरोपी पवन सेन निवासी नवलगांव का भी सहयोग होना बताने पर संदेही की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त फायर आर्म्स जप्त किया गया।

न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी डीपीओ रामकुमार पटेल द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी प्रदीप पिता हाकम सिंह पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी नवलगांव थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर को धारा 302 भादवि में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड, धारा 25(1)बी आयुध अधिनियम में दोषसिद्ध पाते हुये 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड तथा धारा 27 आयुध अधिनियम में दोषसिद्ध पाते हुये 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

# आधार कार्ड केंद्र में हो रही खुली लूट



**गाडरवारा, यशभारत।** जबसे लाडली बहना योजना की शुरुआत हुई है तब से एमपी ऑनलाइन सेवा केंद्रों के साथ ही कियोस्क एवं आधार सेवा केंद्रों में अपने डॉक्यूमेंट अपडेट कराने के लिए भारी भीड़ देखी जा रही है, जिसका फायदा अब सेवा केंद्रों के संचालक हितग्राहियों से दुगनी राशि वसूल कर उठा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला विगत दिवस दूरसंचार सेवा केंद्र गाडरवारा में संचालित आधार सेवा केंद्र में नजर आया है जिसमें निर्धारित राशि से दुगनी राशि वसूल की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदा कॉलोनी इंदिरा वार्ड निवासी एक महिला ने आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट कराया जिसका आधार केंद्र संचालक प्रीतम कुमार मिश्रा ने 50 की जगह 100 रुपए लिए गए है। यही नहीं आधार केंद्र संचालक द्वारा बड़ी चालाकी से आधार अपडेट होने के बाद जो प्रिंट निकलता है उसमें ऊपर का भाग तो दे दिया जाता है किंतु नीचे दर्शित राशि वाला भाग अपने पास रख लेते हैं ताकि उपभोक्ता को आसानी से पता ना लग सके। यही नहीं पूरे आधार सेवा केंद्र में कहीं पर भी सेवा शुल्क का विवरण नहीं दर्शाया गया है, और ना ही इस पर दूरसंचार विभाग के अधिकारियों ने कोई एक्शन लिया है। जिले के कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश के बावजूद हो रही लूट पर रोक नहीं लग पा रही है उच्चाधिकारी इस समस्या पर ध्यान देकर प्रत्येक आधारकेन्द्र की जांच करते रहे व केंद्र में शिकायत हेतु सार्वजनिक नम्बर चस्पा कराकर आमजन से होने वाली इस लूट को बंद कराएं ऐसी जनापेक्षा है।

